हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 22 जून 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

10 दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बसना के...

11 गली में बह रहा पानी, ग्रामीणों को आवागमन...


## खबर संक्षेप

### वाहन की ठोकर से गंभीर रूप से घायल, मामला दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसायकल को पीछे से ठोकर मारने की शिकायत पुलिस से की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 13 जून 2024 को विजय कुमार साहू पिता छन्नुलाल साहू 27 साल हीरो एक्सट्रीम मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीएस 5773 से रायपुर गया था, और दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच वापस महासमुंद आते समय ग्राम खरोरा शहीद स्मारक के पास उसे पीछे से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर फरार हो गया जिससे विजय साहू मोटर सायकल सहित रोड पर गिर गया और चोट आने से जिला अस्पताल महासमुंद से रेफर करने पर रायपुर ले जाया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध धारा 279, 337 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### पीएम आवास के नाम फिर चोरी जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कौंआझर में दो अज्ञात व्यक्तियों ने महिला के घर में पीएम आवास के लिए फोटोग्राफी का बहाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर सोना-चांदी के जेवर कीमत 80 हजार रुपए को चोरी कर ली।
प्रार्थी शकुन चंद्राकर पति देवलाल चंद्राकर पुलिस को बताया कि 20 जून 2024 दिन गुरूवार को करीब 9:30 से 10.00 बजे के बीच अज्ञात दो चोरों ने आवास का प्रलोभन देकर उन्हें फोटो खिंचाने को कहा एवं बात ही बात मे फोटो अच्छा नहीं आ रहा है करके मंगलसूत्र 1 तोला, टाप 3 ग्राम, को निकलवा दिया तथा फोटो घर में न खींच कर घर से थोड़ी दूर जाकर फोटो खींचने लगा। इतने में ही दूसरा आरोपी तुमगांव से आ रहा हूं बोलकर वापस घर अंदर से सारा सामान मंगलसूत्र 1 तोला सोना, टॉप 3 ग्राम, सोना टॉप 5 ग्राम, पायल 3 जोड़ी चांदी 45 तोला, पायल दो जोड़ी चांदी 10 तोला, सिक्का 3 नग चांदी 2.50 तोला, करधन 1 नग चांदी 40 तोला सभी सामान चोरी करके निकल गया मामले में पुलिस ने दो अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध धारा 454, 380 भादवि का घटना घटित होना पाए जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

### कबीर जयंती पर आज शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा शनिवार 22 जून 2024 को कबीर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने 22 जून को कबीर जयंती के लिए घोषित शुष्क दिवस के दौरान जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट महासमुंद तथा देशी मदिरा भांडागार महासमुंद को बंद रखने के लिए आदेशित किया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** खल्लारी खार में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि घनश्याम सेन पिता गोकुल सेन (40 साल) निवासी किरवई राजिम जिला गरियाबंद ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली।

**आयोजन:** दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में शामिल हुए खाद्य मंत्री दयालदास

# योग हमारी संस्कृति का हिस्सा स्वस्थ रहता है तन-मन: बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सर्व मांगलिक अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय सामूहिक योग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी योगाभ्यास किया। श्री बघेल ने कहा कि योग हमारी परंपरा और संस्कृति का हिस्सा रहा है। ऋषि मुनिगण भी योग से सिद्धि प्राप्त करते थे और समाज कल्याण में ऊर्जा लगाते थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व पटल पर एक नया रूप दिया। आज पूरा विश्व योग कर रहा है। हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी योग का संदेश दिया है। बच्चे, बूढ़े सभी योग कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि योग करें और निरोग रहें। प्रतिदिन योग के लिए 40 मिनट दें, इससे तन-मन दोनों स्वस्थ रहता है। आज पूरा विश्व योग अपना रहा है और उसे अपने जीवन में निरंतर अपनाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, जनपद अध्यक्ष यतेन्द्र साहू, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, पवन पटेल, पार्षद देवीचंद राठी, सतपाल सिंह पाली, प्रकाश शर्मा, वनमण्डलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी व नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### जिले में उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस

**महासमुंद।** दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही विकासखंड स्तर और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी सामूहिक योग का आयोजन किया गया। जहां जनप्रतिनिधिगण, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास करते हुए योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। जिले के सभी विकासखंड मुख्यालय के अलावा शैक्षणिक संस्थानों में भी योग दिवस मनाया गया। इसी तरह बागबाहरा, बसना, सरायपाली और पिथौरा में भी विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

### केवि में मनाया गया दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

केंद्रीय विद्यालय में 10वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। संजय कंसल प्राचार्य के निर्देशन, खेल शिक्षक सोहन लाल साहू, योग शिक्षिका भारती वर्मा के मार्गदर्शन में योग प्रोटोकॉल के अनुसार शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियो ने योग के महत्व को समझते हुए कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया। 'करें योग, रहें निरोग' की भावना को आत्मसात करते हुए सभी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राचार्य कंसल ने अपने उद्बोधन में योग की विस्तृत जानकारी देते हुए योग दिवस 21 जून को ही क्यों मनाया जाता है के संबंध में विचार साझा किए। कार्यक्रम में कांता एक्का प्रधानाचार्य, सुरेश कुमार सिंह,लोकेश, रोहिता, विवेकानंद प्रधान, हिमांशु शेखर त्रिपाठी, अंब्रिश शुक्ला, वंदना आचार्य, तुलसी राम चंद्राकर, वंदिनी जौहरी, घनश्याम साहू, दशरथ राम यादव, प्रताप सोनी, गुलाब राम आवड़े, ओमप्रकाश, प्रवीण, संजय सिंह बघेल, गिरधारी साहू, संतोष सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्टॉफ, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर में सभी का आभार व्यक्त किया।



## रेत भंडारण

### बिरकोनी क्षेत्र में किया गया रेत का भंडारण, निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री





**महासमुंद।** यह किसी रेगिस्तान का दृश्य नहीं। बल्कि, बारिश के सीजन में रेत घाटों के बंद होने से पहले बिरकोनी क्षेत्र में किया गया रेत का भंडारण है। बता दें कि बारिश सीजन में रेत उत्खनन पर लगाए गए रोक के बावजूद अवैध खनन बदस्तूर हो रहा। शुक्रवार को जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। रेत का अवैध भंडारण देख उत्खननकर्ताओं और संग्रहणकर्ताओं को संरक्षण देने पर जिला खनिज अधिकारी को फटकार लगाई। बिरकोनी चंडी मंदिर परिसर में संग्रहित अवैध भंडारण पर जब्ती की कार्रवाई एवं संरक्षण देने वाले अफसर पर कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया।

## चाकू की नोक पर नकदी व बाइक की लूटने वाले तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

चाकू की नोंक लूटपाट को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बैदपाली में एक व्यक्ति की मोटरसायकल को रोका गया और चाकू अड़ाकर उससे बुधवार को लूटपाट की घटना प्रकाश में आई थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोंगरीपाली थाना सांकरा निवासी सोहन सिदार ने रिपोर्ट लिखाई कि 19 जून 2024 को वह अपने गांव के संतोष कुमार पटेल के साथ संतोष के ही मोटरसायकल प्लेटिना क्रमांक सीजी 07 बीएच 4932 से ग्राम बैदपाली जा रहा था, रास्ते में बैदपाली झिलमिला के ईंट भट्ठी के पास शाम करीबन 8 बजे तीन लड़के उनका रास्ता रोक लिया। जिसमें से एक ने चाकू दिखाकर धमकाते हुए तीनों मिलकर उन्हें रोड किनारे ले गए और जेब में रखे 2500 रुपये निकाल लिए। सोहन ने बताया कि चाकू पकड़ा हुआ लड़का अमित दीप झिलमिला का था जो अपने साथियो को अजित चौहान, बिट्टू राज नाम से बात कर रहा था। सोहन ने बताया कि तीनों मिलकर नगदी रकम 2500 रुपए मोटर सायकल कीमत 40 हजार रुपए को लूट कर ले गए।



मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 392 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि ताजनगर झिलमिला निवासी कुछ संदिग्ध लड़के जो नशा कर कुछ दिनों से गलत कामों में संलिप्त है और बैदपाली झिलमिला के पास बैठकर नशा सिगरेट पी रहे हैं। इस सूचना के बाद पुलिस टीम के द्वारा बैदपाली रोड झिलमिला के पास जाकर 3 संदेही लड़कों को हिरासत लिया गया। पूछताछ में इन्होंने अपने नाम अजीत चौहान पिता पारस चौहान (22 साल) निवास वार्ड नंबर 09 झिलमिला सरायपाली, अमित दीप पिता तेजराज दीप (23 साल) वार्ड नंबर 07 ताजनगर सरायपाली, बिट्टू कुमार पिता गौतम राय (19 साल) डोंगरीपाली सरायपाली जिला महासमुंद बताए और झिलमिला के पास दो व्यक्ति से तीनों मिलकर लूट करना स्वीकार किए। आरोपियों के संयुक्त कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 चाकू , मोटर साइकिल प्लेटिना क्रमांक सीजी 07 बीएच 4932 एवं नगदी रकम 1100 रुपए बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण उप स्वास्थ्य केन्द्रों मे स्वास्थ सुविधा प्रभावित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य अधिकारी संघ के आह्वान पर जिले भर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। तीन सूत्रीय मांगों के तहत कहना है कि लंबित कार्याधारित मानदेय तथा शासन द्वारा निर्देशानुसार प्रति माह 15 तारीख से पहले से भुगतान, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को स्थानांतरण एवं मुख्यालय से 8 किलोमीटर दायरे में रहने का लाभ और कांकेर जिला संयोजक पवन वर्मा की बहाली की मांग शामिल है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के प्रदेश महामंत्री आशीष नंद ने बताया कि जब तक इनकी मांगे पूरी नहीं होती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। इस बीच हड़तालियों ने विश्व योग दिवस पर धरना स्थल पर योग करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।



## फर्नीचर दुकान में घुसी माजदा

**बागबाहरा।** नगर के बस स्टैंड के समीप गुरुवार की दरम्यानी रात माजदा वाहन को ट्रेलर ने ठोकर मारी जिससे माजदा फर्नीचर दुकान में जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया गुरुवार को रात 11 के आसपास बस स्टैंड के समीप माजदा सीजी 04 पीएस 4509 जो ट्रांसपोर्ट गैरेज का कार्य रायपुर से बागबाहरा सामान लाने के लिए किया जाता है। गुरुवार की रात को माजदा जग्गी गैरेज समान खाली न होने की वजह से अक्षय फर्नीचर के समीप रात को खड़ी थी और ड्राइवर भी सोया हुआ था, वहीं रायपुर की तरफ से आ रही ट्रेलर आरजे 19 जीएच 7357 माजदा वाहन को ठोकर मारते हुए करीबन 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इसके बाद माजदा फर्नीचर के दुकान में जा घुसी। स्थानीय लोगों की सहायता से माजदा ड्राइवर को बाहर निकाला गया। वहीं पास के ही बग्गी स्टोर के पास ट्रेलर जाकर रुका। इसके बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



## खबर संक्षेप



### बच्चे के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं पिता

**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल के सेलीब्रेशन प्लाजा में फादर्स डे के उपलक्ष्य में पापा है तो मुमकिन है कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री जगत ने कहा कि पिता का बच्चे के जीवन में महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पिता न केवल परिवार के मुखिया होते हैं, बल्कि वे बच्चे के पहले आदर्श, मार्गदर्शक और संरक्षक भी होते हैं। उनके बिना बच्चे का विकास अधूरा रह जाता है। पिता अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से बच्चे को जीवन के संघर्षों से जूझने की क्षमता सिखाते हैं। कार्यक्रम के आयोजक अनिल जोतसिंघानी रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित मुकेश शाह, जयेंद्र नारंग, भाजयुमो नेता पन्ना दुबे एवं ज्यूरी के रूप में मधु फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता पांडे, सचिव मोनिका साहू के साथ डॉ. संयुक्ता गांधी मौजूद रहीं।

### स्कूलों में विषयवार हो शिक्षकों की नियुक्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने भर्ती पदोन्नति में संशोधन कर सरकारी मिडिल स्कूलों में शिक्षकों को कोई की संकाय पढ़ाने का फरमान जारी किया, जिसका विषय विशेषज्ञों ने खुलकर विरोध किया और मामला कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन आज पर्यंत मामला कोर्ट में विचाराधीन ही रह गया। विषय विशेषज्ञों को अब नई सरकार से उम्मीद है कि विषय बाध्यता पुनः लागू की जाए, क्योंकि इसका प्रावधान शिक्षा का अधिकार कानून में भी है।

### नोटिस की तामिली भी नहीं, इसलिए भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में अभी भी 400 प्रकरण लंबित

**रायपुर।** रायपुर जिले में किराएदार और मकान मालिक के बीच विवाद को लेकर भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में दर्ज प्रकरणों पर अब सुनवाई के साथ आर्डर भी जारी होने लगे हैं। हालांकि इसका आंकड़ा अभी बहुत कम है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लगने तक कोर्ट में साढ़े चार सौ से भी ज्यादा प्रकरण लंबित थे, जो अब घटकर चार सौ के करीब पहुंच गए हैं। इधर लंबित प्रकरणों में सुनवाई नियमित रूप से जरूर हो रही है, लेकिन अभी भी सैकड़ों प्रकरण ऐसे हैं, जिनमें पक्षकारों को जारी होने वाले नोटिस की तामिली ही नहीं कराई जाती। इस कारण इन प्रकरणों में सुनवाई तक नहीं हो पा रही है, जिससे प्रकरणों पर फैसला भी नहीं आ पा रहा है। भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में वैसे तो 1 साल से लेकर 5 साल के बीच के सैकड़ों प्रकरण हैं, जिनमें अब तक आर्डर जारी नहीं हो पाए हैं। इनमें ऐसे भी कई प्रकरण है जिन्हें 5 साल से भी ज्यादा हो चुका है। इन प्रकरणों की समय पर सुनवाई नहीं होने से पेशी की तारीख आगे बढ़ने, नोटिस की तामिली नहीं कराना, कोविड काल, चुनाव के कारण आचार संहिता लागू होने, अधिकारियों का बार-बार तबादला, अधिकारी की नियुक्ति के बाद भी अधिसूचना जारी नहीं होना सहित कई कारण है, जिसके कारण प्रकरणों में अब तक फैसला नहीं आ पाया है।

# सतनामी अधिवक्ता संघ ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बलौदाबाजार आगजनी कांड की घटना में सतनामी समाज की भूमिका को लेकर महासमुंद जिला छत्तीसगढ़ सतनामी अधिवक्ता संघ ने राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। 6 बिंदुओं पर सौंपे गए ज्ञापन व मांगपत्र में अधिवक्ताओं ने कहा है कि बलौदाबाजार जिला परिसर में घटित घटना में सतनामी समाज के लोगों ने शांतिप्रिय धरना का आयोजन था, जिस भीड़ में असमाजिक तत्वों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। उसकी जांच सीबीआई से कराई जाए। चूंकि सतनामी समाज के लोग सत्य और अहिंसा पर विश्वास रखते है, इसलिए हमें विश्वास है कि जो भी घटना घटित हुई उसमें षडयंत्र रची गई है व सतनामी समाज को बदनाम करने कि कोशिश की गई है। जो राज्य शासन द्वारा बलौदाबाजार घटना के संदर्भ में राज्य शासन द्वारा, जो एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित की गई, जिसमें दो सदस्य सतनामी समाज से सेवानिवृत्त न्यायाधीश को सम्मिलित किया जाए। सतनामी समाज के निर्दोष व्यक्तियों को धरना में सम्मिलित होने मात्र से फुटेज देखकर आरोपी बनाकर जेल में निरूद्ध किया गया है उनको निःशर्त रिहा किया जाए। सतनामी समाज के आस्था के प्रतीक जैतखाम व अन्य धार्मिक स्थल पर असमाजिक तत्वों के द्वारा बार-बार खंडित करने का कृत्य किया जा रहा है जिसे तत्काल स्थायी रूप से रोक लगावें तथा कृत्य करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। पुलिस प्रशासन के द्वारा निर्दोष समाजिक व्यक्तियों को अनावश्यक विद्वेषपूर्ण ढंग से प्रताड़ित किया जा रहा है जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। जावे। अंत में अधिवक्ताओं ने 10 जून को बलौदाबाजार में हुई घटना की महासमुन्द जिला छत्तीसगढ़ सतनामी अधिवक्तागण नें निंदा की है।

## निरीक्षण करने गोदाम पहुंचे प्रभारी मंत्री बघेल



**महासमुंद।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल एवं विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने शुक्रवार ग्राम भलेसर एवं शेर स्थित एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें भंडारित चावल के उन्नत किस्म एवं अन्य बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अफसरों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## आयोजन : कार्यक्रम में लोगों को नियमित योगाभ्यास करने किया प्रेरित

# दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बसना के मण्डी प्रांगण में नगरवासियों ने किया योग प्राणायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना





नगर पंचायत बसना के तत्वावधान में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बसना के मंडी प्रांगण मे सामूहिक योग प्राणायाम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बसना नगरवासी, नगर पंचायत परिवार, अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण व सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास किया।

योग दिवस पर डॉ. एनके अग्रवाल डायरेक्टर अग्रवाल नर्सिंग होम ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिदिन प्रातः एक घंटे योग करने से रोगों से मुक्ति मिलेगी और हमारे पास आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रतिदिन योग करने से आप सभी स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रहेंगे और दीर्घ जीवन को प्राप्त करेंगे। योग प्राणायाम आदि अनंत काल से चला आ रहा है। परिवार, समाज, जन मानस में योग का संदेश पहुंचाए ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो। बाबा रामदेव तो योग गुरु हैं, सभी जानते हैं। फिल्म की जानी मानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी भी योग के महत्व को टी वी के माध्यम से देश की जनता को बता रही हैं। इनका अनुसरण करते हुए योग कर स्वस्थ रहें।

गजेंद्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत, रामचंद्र अग्रवाल ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया। योग प्राणायाम हमारे परंपरा और संस्कृति का हिस्सा रहा है। ऋषि मुनियों ने भी योग से सिद्धि प्राप्त करते थे और समाज के कल्याण में ऊर्जा लगाते थे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने योग प्राणायाम को वैश्विक स्तर पर एक नया आयाम प्रदान किया है। आज समूचा विश्व मोदी के आव्हान पर योग को अंगीकार कर रहा है। प्रातःकाल उठकर सबसे पहले योग के साथ अपने दैनिक जीवन की शुरूआत कर जीवन से जोड़कर आरोग्य प्राप्त करना चाहिए। एल ई डी के माध्यम से विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी योग का वर्चुवल संदेश दिया है। इस अवसर पर सभी उम्र वर्ग के लोगों ने योगकर आरोग्य हेतु इस विशेष अवसर का लाभ प्राप्त किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए नगर पंचायत प्रशासन एवं नगरवासियों, अधिकारी, कर्मचारियों, सामाजिक बंधुओं तथा भाजपा मण्डल बसना को बधाई दी है।

### प्रतिदिन योग करने मंच से प्रेरित किया गया

वक्ताओं ने सभी प्रतिदिन योग के लिए 40 मिनट का समय निकालने का अनुरोध किया और कहा कि इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। आज पूरा विश्व योग को जीवन मे अपना कर उसे अपने जीवन में अपनाकर निरोग रह सकते हैं। योग दिवस पर भूपेंद्र प्रधान एवं तेजस्विनी साव, कुमकुम साव, अंकिता प्रधान ने विभिन्न आसन का योग करते हुए गाइड किया। इस अवसर पर डॉ एन के अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, ललित सिंह नायब तहसीलदार, नगर पंचायत सीएमओ सूरज सिदार, अनिल अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, गिरधारी डडसेना, शीत गुप्ता, रमेश सूर्या, अभिमन्यु जायसवाल, जन्मजय साव, मंजीत सिंह छाबड़ा, जयंत चौहाण, जगदीश सोनी, जयनारारायण पटेल, रघुवीर अग्रवाल, सेवकदास दीवान, अभय धृतलहरे, ऋषिकेशन दास, मनहरण सोनवानी, अमृत पटेल, राधे नायक, सुभाष अग्रवाल, सुभाष शर्मा, सुंदर प्रधान, महेंद्र सिंह अरोरा, सोनू सोनवानी, विजय जगदल्ला, दीपक शर्मा, प्रदीप दास, मनीष साव एवं नगर पंचायत बसना के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन खिरोद्र पुरोहित प्राचार्य स्वामी आत्मानंद ने किया। आभार प्रदर्शन सूरज सिदार सीएमओ नगर पंचायत बसना ने किया।

## पांच महीनों के अल्प काल में ही विष्णु सरकार के गृह व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाः राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा कांग्रेस सरकार के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह व सुशासन, व मजबूत सरकार प्रदेश के लोगो को देने का झांसा देकर सत्ता में आए महज 5 महीनों के उपरांत ही बलौदाबाजार की हिंसक व आगजनी की घटना ने शासन के गृह व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया। उक्त घटना पर शासन का स्वयं को बचाने लीपा पोती का प्रयास आज पर्यंत भी अनवरत जारी है। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति में महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने कही।

श्रीमती महिलांग ने आगे कहा कि प्रदेश के बड़ी संख्या में निवासरत सतनामी समाज जो अनू. जाति वर्ग की श्रेणी में समाहित है उनके पवित्र व पूजनीय वस्तुओं को खंडित किया गया बलौदाबाजार सहित अनेक जिलों में निवासरत समाज के लोगों ने इस घटना पर कार्रवाई की मांग तो शासन की ओर से कार्रवाई के नाम पर केवल कोरा आश्वासन ही मिला। ज्ञापन व कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर बलौदाबाजार कलेक्टर कार्यालय पहुंचे समाज जनों के बीच अनाम उपद्रवी तत्वों ने तोड़फोड़ व आगजनी की घटना को अंजाम दिया। उक्त घटना से सम्पूर्ण समाज के लोग पुलिस कार्रवाई के घेरे में आ जाए व समाज बदनाम हो जाए। उक्त घटना में बिना किसी केंद्रीय एजेंसी के जांच के बिना ज्ञापन देने पहुचे समाज जनों पर पुलिस विद्वेषवश कार्रवाई कर रही है जो निन्दाजनक है। श्रीमति महिलांग ने आगे कहा कि सरकार उक्त घटना की निष्पक्ष जांच की मंशा है तो केंद्र की जांच एजेंसी से जांच होनी चाहिए जिससे घटना की सत्यता सामने आए। पर राज्य सरकार केवल जिले के अधिकारियों को हटाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है, जो बेहद निंदाजनक है। समाजजन पूज्य बाबा के शांति व अहिँसा के उपासक रहे है और वो स्वयं ऐसी हिंसक घटना के विरोधी है। फिर भी विद्वेषवश शासन निर्दोष समाजजनों पर कार्रवाई व कांग्रेस जनों को घटना स्थल पर जाने से से रोकना निंदनीय कार्य है, जो लगातार जारी है। श्रीमती महिलांग ने कहा कि उक्त घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर प्रदेश के गृहमंत्री को पद से इस्तीफा देना चाहिए व घटना के उपरांत केंद्रीय गृह विभाग के मंत्री व अधिकारियों का दौरा ना होना भी राज्य की केंद्र द्वारा उपेक्षा को दर्शाता है। कांग्रेस घटना की सीबीआई जांच की मांग कर रही है जिसका श्रीमति महिलांग ने समर्थन किया।

## एजुकेशन सिस्टम पर बीजेपी का कब्जा मेहनती छात्रों के साथ धोखाः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि नीट का पेपर लीक हुआ है. एजुकेशन सिस्टम पर बीजेपी का कब्जा है. मेहनती छात्रों के साथ धोखा हुआ है. दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. देश की युवाओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए। नीट एग्जाम के बाद अब नेट परीक्षा में भी धांधली की खबर सामने आ गई है। परीक्षा होने के एक दिन बाद नेट की परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया है।

उन्होंने कहा कि नुकसान छात्रों का हो रहा है. मध्य प्रदेश में व्यापम हुआ और व्यापम को नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पूरे देश में फैला रही है. छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। पेपर लीक का कारण है कि सारे वाइस चांसलर एजुकेशन सिस्टम को भाजपा के लोगों ने और उनके पेरेंट्स आर्गेनाइजेशन ने कैप्चर कर रखा है। उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि, शिक्षा व्यवस्था का डिमॉनेटाइजेशन हो गया है। केंद्र की मोदी सरकार छात्रों के भविष्यु के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसको लेकर छात्र लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन इनकी सुनवाई नहीं की जा रही है।

## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रभारी व्याख्याता टेकलाल पटेल एवं व्यायाम शिक्षक रूपधर पटेल द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्राचार्य प्रेमानंद भोई ने इस अवसर अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मन का वास होता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग, प्राणायाम, ध्यान और व्यायाम अति आवश्यक है। इसलिए प्रतिदिन नियमित रूप से इसे करें और स्वस्थ रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुबेलाल पोर्ते, सुशांत प्रधान, डीके पटेल, एसएल जगत, राकेश प्रधान, हाराधन चौधरी, सीएस विशाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सदगुरु कबीर स्वयं परमात्मा ही थे, जो मानव समाज को सही राह दिखाने आए थेः महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कबीरपंथी समाज बिरकोनी द्वारा महंत पोखन दास मानिकपुरी साहेब की अगुवाई में सद्गुरु कबीर प्राकट्य पर्व उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। महंत साहेब के निज निवास में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः सद्गुरु कबीर साहेब के आह्वान, आरती और पत्र पुष्प अर्पण के साथ हुई।

अंचल के प्रख्यात लोक गायक शीतल दास मानिकपुरी एवं साथियों ने कबीर भजनों की सुमधुर संगीतमय प्रस्तुति से सकल हंस को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर महंत पोखन दास साहेब ने सद्गुरु कबीर साहेब के वाणी-वचनों, शब्द-साखियों का मधुर गान करते हुए संत समाज को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब ऐसे समय काल में आए जब समाज तमाम तरह की विसंगतियों से जूझ रहा था। एक ओर शासक वर्ग शोषक बन बैठा था, धर्मांधता का शिकार होकर लोगों का कत्लेआम कर रहा था। हिंदुओं को बलात मुस्लिम बनाया जा रहा था। हिंदू और मुस्लिम धर्म के नाम पर लड़ रहे थे। दूसरी ओर समाज में धर्म के नाम पर पाखंड का बोलबाला था। समाज के एक बड़े वर्ग की परछाई भी अस्पृश्य थी। भेदभाव चरम पर था। समाज में कुरीतियां हावी थीं। ऐसे समय में सद्गुरु कबीर मानव समाज को मानवता की राह दिखाने आए। सत्य का ज्ञान कराने आए। यह बताने आए कि इस संसार में कैसे जीना है।

सद्गुरु ने कहा, बंदे तू कर बंदगी तब पावै दीदार। बंदे तू तो बंदगी कर, यहां परमात्मा के सिवाय कुछ नहीं है। परमात्मा सकल विश्व रूप हैं। कण-कण में परमात्मा हैं, हर जीव में परमात्मा हैं। जिनका हृदय प्रेम और बंदगी भाव से भरा होता है, उन्हें कण-कण में परमात्मा दिखते हैं, हर जीव में परमात्मा दिखाई पड़ते हैं। किंतु माया के वशीभूत होकर हम दूसरे मनुष्य या जीवों में भेदभाव करते हैं। उनके भी भीतर विराजमान हैं परमात्मा, यह हम देख नहीं पाते या देखना नहीं चाहते। माया का आशय काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार से है। महंत साहेब ने कहा कि कई लोग स्त्री को, बाल बच्चों को माया कह देते हैं। यह अज्ञानता है। यदि स्त्री पुरुष के लिए माया है, तो पुरुष स्त्री के लिए माया होगा। ऐसे में तो अलगाव, बिखराव होगा। वास्तव में माया तो परमात्मा की दासी है। जहां परमात्मा हैं वहां माया भी होगी। परमात्मा हमारे भीतर हैं तो माया भी हमारे भीतर है। माया बहुत शक्तिशाली है, वह ब्रह्मा, विष्णु, महेश त्रिदेवों को भी नाच नचाती है। माया के कारण ही लोगों ने अपने-अपने भगवान बना डाले। भगवान के नाम पर लड़ाई हो रही है। जबकि सबका मालिक एक है, परमात्मा एक हैं, चाहें जिस नाम से पुकारें। अज्ञानता को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाने के लिए स्वयं परमात्मा ही सद्गुरु के रूप में आते हैं। सद्गुरु कबीर स्वयं परमात्मा ही थे, जो मानव समाज को सत्य का बोध कराने और जीने की सही राह दिखाने के लिए आए थे। सद्गुरु कबीर साहेब की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में बिरकोनी और आसपास के कबीरपंथी परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# नए कानून में धाराओं का पाठ पढ़ने एनसीआरबी का संकलन एप करेगा विवेचकों की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




अपराध पर अंकुश लगाने अंग्रेजों द्वारा बनाया गया 163 साल पुराना कानून नौ दिन बाद समाप्त हो जाएगा। नौ दिन बाद अंग्रेजी कानून की जगह नई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। नए कानून को समझने के लिए विवेचकों के साथ पुलिस अफसरों की नियमित क्लास लग रही है। इसके लिए थाना स्तर पर भी विवेचकों को ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है।

एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक नए कानून को लागू करने के बाद विवेचकों के साथ थाना में मुंशी को अपराध दर्ज करने किसी तरह से कोई परेशानी न हो, इसके लिए उन सभी को हर स्तर पर ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। अपराध दर्ज करते समय नए कानून की जानकारी लेने मुंशी भारत सरकार द्वारा तैयार संकलन एप की मदद ले सकते हैं। यह एप ऑफ लाइन होने की स्थिति में भी काम करेगा। संकलन एप को कैसे ऑपरेट करना है, इस बात की जानकारी सभी पुलिसकर्मियों को दी जा रही है।

### वीडियोग्राफी, फोटो खींचने के गुर सिखाए जा रहे

नए कानून में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए साक्ष्य के रूप में मौके पर बनाए गए वीडियो के साथ फोटो का महत्वपूर्ण स्थान रहेगा। कोर्ट में गवाह अपने बयान से मुकरे नहीं, इसके लिए गवाह के बयान का लिखित के साथ ऑडियो, वीडियो बयान दर्ज किया जाएगा। साथ ही विवेचक अपने मोबाइल से घटना स्थल का वीडियो बनाने के साथ फोटो खींचने का काम करेगा। घटना स्थल पर किस एंगल से वीडियो बनाने के साथ फोटो खींचना है, इस बात की पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।

### कई पुलिसकर्मी अभी भी नहीं समझ पाए सिस्टम को

नए कानून लागू होने में 10 दिन से कम का समय रह गया है। पुलिस अफसर के साथ कर्मियों को नए कानून को लेकर न्यायाधीश से लेकर कानून के जानकार, वकील तथा लॉ कालेज से जुड़े प्रोफेसर, पुलिस अफसर तथा कर्मियों को नए कानून को लेकर प्रशिक्षित करने का काम कर रहे हैं। बावजूद इसके जिले के कई पुलिसकर्मी अभी नए कानून को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं।

# जलभराव, नालों की सफाई करवाने जोन में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जोन 6 कार्यालय में जोन अध्यक्ष निशा देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को जलभराव, नालों की सफाई सहित वार्डों के विकास कार्य को लेकर बैठक ली।

जोन अधिकारियों के साथ ही 7 वार्ड के पार्षद इस बैठक में शामिल रहे। जोन अध्यक्ष ने पार्षदों से वार्ड के विकास को लेकर चर्चा की और उनसे सुझाव मांगे। बारिश में जलभराव की समस्या और नालों की सफाई करवाने निशा देवेन्द्र यादव ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जोन के वार्डों में उद्यानों के समुचित रखरखाव करने सहित बगीचों की लाइट को तत्काल दुरुस्त करवाकर प्रकाश व्यवस्था की सुविधा कायम करवाने के निर्देश दिये। जोन अध्यक्ष ने जोन के 7 वार्डों में मानसून के दौरान खाली स्थानों पर सुरक्षित रूप से पौधारोपण अभियान पार्षदों की अगवाई में सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता में कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। नालों एवं नालियों की तले तक सफाई करवाने के की हिदायत इस दौरान जोन अधिकारियों को दी गई। जोन अध्यक्ष ने जोन में स्वीकृत होने के बाद भी अब तक शुरू नहीं हुये विकास कार्यों को तत्काल प्रारंभ करवाकर मॉनिटरिंग करवाने निर्देश दिये। बैठक में एमआईसी सदस्य समीर अख्तर, पार्षद सरिता वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि जयमोहन साहू, अभिषेक धनगर, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## छग शिक्षक पात्रता परीक्षा के संचालन के लिए परिवहन अधिकारी व पर्यवेक्षक नियुक्त

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 रविवार 23 जून 2024 को दो पालियों में आयोजित किया गया है। प्रथम पाली में कक्षा 1-5 तक अध्यापन पात्रता के लिए परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में कक्षा 6-8 तक अध्यापन पात्रता के लिए परीक्षा अपराह्न 2 बजे शाम 4:15 बजे तक जिला मुख्यालय में आयोजित है। जिला मुख्यालय में प्रथम पाली में 23 परीक्षा केंद्र में 6859 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 35 परीक्षा केंद्रों में 10098 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर प्रभात मलिक ने परीक्षा के सुचारू व निर्विघ्न संचालन के लिए परीक्षा केंद्र तक गोपनीय सामग्री पहुंचाने के लिए परिवहन अधिकारी व पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## खिलाड़ियों ने किया योगाभ्यास

**महासमुंद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में सुबह 7 से 8 बजे के मध्य खिलाड़यों द्वारा योगाभ्यास किया गया। जिसमें एकलव्य विद्यालय भोरिंग, तुमगांव आदि क्षेत्र के खिलाड़ी शामिल हुए। योग दिवस को सफल बनाने में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शिल्पा साय, प्राचार्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई, तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू का सहयोग रहा।

## चोरी की दो बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बसना।** चोरी के दो मोटर साइकिल के साथ एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सियाराम बारिक ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीई 6775 हीरो स्प्लेंडर प्लस को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना के सामने से किसी अज्ञात चोर द्वार चोरी का ले गया। रिपोर्ट पर थाना बसना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरा मुखबिर की सूचना पर आरोपी महेंद्र कुमार वैष्णव पिता देवदास वैष्णव (30 साल) से चोरी की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जेई 6775 हीरो स्प्लेंडर प्लस को बस स्टैंड बरमकेला से बरामद किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा 29 मई 2024 को एक बिना नंबर एचएफ डिलक्स मोटर सायकल को चोरी कर अपने घर ग्राम बेहरापाली थाना सरायपाली रखना बताया। उक्त मोटर सायकल को भी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। दोनों मोटर सायकल की कीमत 90,000 रुपए बताई गई है।

## योग भवन में मनाया गया योग दिवस

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर कचहरी चौक में स्थित स्वामी शिवानंद योग भवन में योग दिवस मनाया गया, जिसमें दिव्य जीवन संघ के दौलत चंद्राकर, तारेंद्र चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, रामनिवास चंद्राकर एवं सदस्यों द्वारा विधिवत्त पूजा अर्चना कर योग प्रारंभ किया गया, योग सिखाने के लिए महासमुंद से तारेंद्र चंद्राकर द्वारा योग अभ्यास कराया गया।



# गली में बह रहा पानी, ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी

### ग्राम बड़ेलोरम के गली कीचड़युक्त, ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत, शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम बड़े लोरम में सीसी रोड का निर्माण 15 वर्ष पूर्व किया गया था, जो कि अब तक मार्ग का पुनर्निर्माण नहीं हुआ, न ही नाली का निर्माण। जिससे ग्रामीणों का जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है।

वार्ड नंबर 1 और वार्ड 11 में गली गर्मी के दिनों में ऐसा ही दूभर होता जा रहा है। यहां पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराई गई पानी की व्यवस्था जो कि सीसी रोड पर गिरती है। पानी निकासी के लिए उत्तम व्यवस्था नहीं होने पर सीसी रोड पर ही पूरा पानी कीचड़ के रूप में बहता है। इसमें प्रतिदिन सैकड़ों लोग इसी गली मोहल्ले में अपना रोज का दिनचर्या करते हैं। स्कूली बच्चे इसी रास्ते में होकर स्कूल जाते हैं, महिलाएं घर से पानी भरने के लिए भी इसी रास्ते का इस्तेमाल करते है। क्योंकि, दूसरा कोई विकल्प नहीं है। बुजुर्गों और बच्चों के लिए रास्ता चुनौती बन गई है। कभी भी यहां जान माल की नुकसान हो सकता है। सीसी रोड पूरा काई से भरा हुआ है। पैदल यात्रियों, साइकिल, दुपहिया वाहन चालकों को फिसलकर गिरने का भय बना रहता है। शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करना अत्यंत आवश्यक हो चुका है। क्योंकि, यहां सरपंच एवं वार्ड मेंबर भी इस गली से भली भांति अवगत हैं। फिर भी उनके द्वारा इस मार्ग को नजरअंदाज किया जाता रहा है। जिससे ग्रामीण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### नालियों की सफाई भी नहीं हुई

ग्राम पंचायत बड़े लोरम 1200 जनसंख्या वाला यह गांव परसवानी से मात्र 3 किलोमीटर की दूरी पर है। 15 साल पहले जो नाली निर्माण हुआ था, बहुत छोटा और संकरा है। पानी की निकासी और नालियों की सफाई बहुत जरूरी हो गया है। अभी तक साफ सफाई नहीं की गई है। यहां मच्छर भी पनपने लगे है, जिससे बीमारी को न्योता दिया जा रहा है।

अभी यहां बड़ी नाली की आवश्यकता है, जिससे पानी निकासी हो सके। ग्रामीण इसकी शिकायत वार्ड मेंबर और सरपंच से कर चुके हैं। जिसका समाधान उनके द्वारा अब तक नहीं किया गया, जिससे ग्रामीण बहुत नाराज हैं।

### अवैध परिवहन : सिंघोड़ा और सायबर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# पांच मामलों में 57 किलो गांजा जब्त, 5 महिलाओं सहित 10 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल के पासगांजा के अवैध परिवहन के 5 मामलों में 57 किलो गांजा जब्त किया है। इन अलग-अलग मामलों में 5 महिलाओं सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 57 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 8,55,000 रुपए के साथ ही टाटा सफारी वाहन कीमत 3,00,000 तथा 6 मोबाइल कीमत 60000 रुपए, नगदी रकम 700 रुपए कुल 12,15,700 रुपए जब्त किए गए हैं। उक्त कार्रवाई सायबर सेल एवं थाना सिंघोड़ा द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

### पुलिस द्वारा दिए गए सभी प्रकरणों का वितरण

**प्रकरण 01-** आरोपी सुस्मिता साहनी पति विराट साहनी (35 साल), हेमंती साहनी पति हरी साहनी (43 साल) निवासी रूबडीघोडा थाना मनोमुंडा जिला बौध ओडिशा के कब्जे से एक नग प्लास्टिक बोरी में भरी हुई 9 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 135000 रुपए एवं एक नग वीवो कंपनी का मोबाइल कीमत 10000 रुपए, कुल कीमत 145000 रुपए जब्त किया गया।

**प्रकरण 02-** आरोपी चंपा खुरा पति हाई खुरा (45 साल) निवासी काकुरचेरा थाना मनोमुंडा जिला बौध ओडिशा, हसीना जाल पति पुरंदर जाल (35 साल) निवासी गुरपडा थाना बांसुली जिला बौध ओडिशा तथा, सुमित्रा राजहंस पति नीरू राजहंस (54 साल) निवासी गुरपडा थाना बांसुली जिला बौध ओडिशा के कब्जे से एक नग प्लास्टिक बोरी मे भरी हुई 13 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,95,000 रुपए, तथा 01 नग ओप्पो कंपनी का मोबाइल कीमत 10000 रुपए, कुल कीमत 205000 रुपए जब्त किया गया।









**प्रकरण 03-** आरोपी ध्यानचंद कैलासिया पिता कैलाश कैलासिया (30 साल) निवासी प्यावल थाना सरसई जिला दतिया मध्यप्रदेश के कब्जे से 05 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 75000 रुपए व एक नग वीवो कंपनी का मोबाइल कीमत 10000 रुपए, कुल कीमत 85000 रुपए जब्त किया गया।

**प्रकरण 04-** आरोपी गौरव कुमार साहू पिता नोहर साहू (26 साल) निवासी पटेवा थाना नयापारा जिला रायपुर छत्तीसगढ, अजय कुमार साहू पिता शंकरलाल साहू (32 साल) निवासी हसदा नंबर 01 थाना मगरलोड जिला धमतरी छत्तीसगढ़ के कब्जे से नग प्लास्टिक बोरी में भरी हुई कुल 22 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 330000 रुपए, तथा घटना मे प्रयुक्त एक सफेद कलर की टाटा सफारी कार क्रमांक जीसी 04 केजे 9099 कीमत 300000 रुपए, 02 नग मोबाइल कीमत 20000 रुपए, नगदी रकम 500 रुपए, कुल कीमत 650500 रुपए जब्त किया गया।

**प्रकरण 05-** आरोपी विष्णु शर्मा पिता रामगोपाल शर्मा (38 साल) निवासी पगरिया थाना पगरिया जिला झालावाड राजस्थान, दले सिंह पिता जवान सिंह (35 साल) निवासी खंडार थाना पगरिया जिला झालावाड राजस्थान के कब्जे से एक नग प्लास्टिक बोरी में भरी हुई 8 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 120000 रुपए, नगदी रकम 200 रुपए तथा एक नग मोबाइल कीमत 10000 रुपए, कुल कीमत 130200 रुपए जब्त किया गया।

पुलिस ने इन सभी मामलों में आरोपियों के विरूद्ध थाना सिंघोड़ा में धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# कृषक उन्नति योजना की राशि फिर खातों में जमा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति जाड़ामुड़ा में फर्जी रकबा बढ़ाकर धान खरीदी किए जाने की शिकायत को लेकर जांच टीम गठित की गई है। टीम द्वारा उक्त प्रकरण की जांच की गई है। तत्पश्चात फर्जी रकबा बढ़ाकर धान खरीदी करने संबंधी शिकायत की प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस थाना बसना मे दर्ज कराई गई है।

शिकायत में उल्लेखित किसानों के खातों में कृषक उन्नति योजना की राशि 12 मार्च 2024 को जमा की गई है एवं इन खातों को होल्ड किया गया था। जिसे शिवनाथ पटेल शाखा प्रबंधक शाखा पिरदा द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान कर दिया गया।

राशि भुगतान संबंधी जानकारी संज्ञान में आने पर पुनः संबंधित बैंक से राशि को रिवर्स करवाकर पुनः उन्हीं खातों में राशि जमा कर लिया गया है एवं खातों को फ्रीज कर दिया गया है।

नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि शिवनाथ पटेल तत्कालीन शाखा प्रबंधक शाखा पिरदा द्वारा की गई इस लापरवाही के लिए बैंक मुख्यालय द्वारा उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

## वट सावित्री की पूजा



**महासमुंद।** नगर मे महाराष्ट्रीयन तेली समाज की महिलाओं ने वट सावित्री का पर्व मनाया। महिलाओं ने कच्चा सूत, जल से भरा कलश, हल्दी, कुमकुम, फूल और पूजन की सभी सामग्री लेकर दादा बाड़ा स्थित वट वृक्ष में जल चढ़ाकर और उसके समक्ष देशी घी का दीपक जलाकर पूजा समाग्री एक-एक करके अर्पित पेड़ के चारों ओर 7 बार परिक्रमा सफेद कच्चा सूत बांधकर वट सावित्री पूर्णिमा व्रत विधि विधान से रखकर अपने पति की लंबी उम्र के लिए पूजा अर्चना की।

## स्कूलों को सुव्यवस्थित करने के साथ ही विभिन्न एजेंडों पर हुई चर्चा

**सरायपाली।** नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 के सफल संचालन के लिए शिक्षा सचिव के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश स्वरूप पटेल के मार्गदर्शन में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला के समस्त प्रधान पाठकों की अति आवश्यक बैठक वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में रखी गई। जिसमें स्कूल खुलने से पहले शालाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए व विभिन्न एजेंडों पर विचार विमर्श किया गया, इसमें शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, निःशुल्क गणवेश वितरण, जाति प्रमाण पत्र, मध्यान्ह भोजन संचालन, न्योता भोजन योजना, जर्जर भवन की जानकारी, पेयजल व्यवस्था, यू डाइस प्रविष्टि, दीक्षा पोर्टल पर प्रशिक्षण,नई राष्ट्रीय शिक्षा 2020, विद्या प्रवेश अभियान,एफएलएन के कौशल, समय सारणी ,बच्चों का प्रवेश व लक्ष्य, पालक शिक्षक बैठक, किचन गार्डन, वृक्षारोपण ,जल संरक्षण, शिक्षक दैनंदिनी, उपचारात्मक शिक्षण, बालवाड़ी, छात्रवृत्ति, बालकान, पाठकान, दाखिल खारिज एवं विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई। जिस पर सभी प्रधान पाठकों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अमल में लाने का आश्वासन दिया।

## शहीद स्मारक में मनाया गया योग दिवस



**महासमुंद।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद द्वारा शहीद स्मारक में 21 जून को प्रातः 5 बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग, शरीर और मन को एक साथ लाने का सरल अभ्यास है। इसके अंतर्गत श्वांस तकनीक और ध्यान प्रक्रिया द्वारा तन और मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में नियमित योग अत्यंत लाभकारी होता है। योगाचार्य तिलक साहू, प्रभात मोहंती एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में रिमझिम फुहार के बीच योग कार्यक्रम हुआ। भारत माता की जयकार एवं दीप प्रज्वलन द्वारा योग क्रिया का आरंभ किया गया। योगाचार्य द्वारा योग से होने वाले लाभों एवं योग क्रिया की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुनिता देवदत्त चंद्राकर, युवराज चंद्राकर, कन्हैयालाल सोनी, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद, मुकेश चंद्राकर, अंजना चंद्राकर, सरला सोनी, रोहिणी सिन्हा, पूर्णिमा निषाद समेत सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बागबाहरा नगर पालिका परिसीमन को युक्तियुक्त तरीके से करने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान सरकार ने समस्त नगर निगमों, पालिकाओं व पंचायतों के अंतर्गत आने वाले वार्डों की सीमाओं को पुनर्निर्धारित कर समान जनसंख्या अर्थात 2011 की हुई जनगणना को आधार मान सम्पूर्ण वार्डों में समान जनसंख्या को युक्तियुक्त करण करना तय किया है, जो कि पुनः एक भारी असमानता को जन्म देगा। क्योंकि, आज 2024 को जनगणना हुए पूरे 13 साल हो चुके हैं।

इस बीच संपूर्ण छत्तीसगढ़ की जनसंख्या ही लगभग 50 लाख बढ़ चुकी है। अंकित ने बताया कि वर्तमान समय में भारत देश और छत्तीसगढ़ में भी जो जनसंख्या है उसके अनुपात में मतदाता संख्या लगभग 30 प्रतिशत कम होती है। परंतु, वर्तमान समय में बागबाहरा में वार्ड क्रमांक एक कि जनसंख्या 1440 है तो मतदाता 760 हैं यानी 47.5% का अंतर है, इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 3 की जनसंख्या 1382 है और मतदाता 880 है। इसमें लगभग 40 प्रतिशत का अंतर है।



ठीक इसी तरह वार्ड क्रमांक 8 में जनसंख्या 1453 है और मतदाता 1301 है। अंतर मात्र 10 प्रतिशत का है। वार्ड क्रमांक 5 में जनसंख्या 1396 और मतदाता 1168 है। अर्थात अंतर मात्र 15 प्रतिशत है। वार्ड क्रमांक 2 में 22 प्रतिशत का अंतर है। वार्ड क्रमांक 14 में 38 प्रतिशत का अंतर है। इस प्रकार समरूपता की भारी कमी है, जिसका मुख्य कारण मतदाताओं की संख्या में अंतर होना है। अपने पत्र के साथ अंकित ने एक तुलनात्मक पत्रक भी सौंपा है, जिसमें 2011 की जनसंख्या व अंतिम हुए चुनाव की वार्डवार मतदाता संख्या की जानकारी है। अंकित ने पत्र के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि बागबाहरा के कुल वार्ड 15 हैं, जो कि रेल लाइन के एक ओर 1 से 9 तक हैं और रेल लाइन के दूसरी ओर 10 से 15 याने 6 वार्ड हैं। इसी आधार पर ही परिसीमन करना होगा और बिना वार्डों की संख्या बढ़ाए समस्त वार्डों को युक्तियुक्त करना संभव नहीं जान पड़ता है। क्योंकि, 2019 के कुल मतदाता लगभग 14356 थे। जिसमें वार्ड क्रमांक एक से 9 में 7006 और 10 से 15 में 7350 हैं और यदि इन्हें वार्ड में बराबर बांटे तो 1 से 9 कुल 9 वार्ड में प्रत्येक वार्ड में 778 मत आएंगे। जबकि, दूसरी तरफ 10 से 15 कुल 6 वार्ड में प्रति वार्ड 1225 मत आएंगे। अतः रेलवे के इस ओर 3 वार्ड बढ़ाना आवश्यक जान पड़ता है। जिससे प्रति वार्ड मतदाता संख्या 816 हो जाएगी और इसी अनुपात में 2024 में मतदाता संख्या भी बढ़ी होगी। इसलिए अंकित ने मांग की है कि वार्डों के परिसीमन के समय जनसंख्या के साथ साथ मतदाता संख्या को भी अनिवार्य रूप से मिलान किया जाए व कम से कम 3 वार्ड बढ़ाया जाए।

# दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा के नेतृत्व में दशम अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पतंजलि योगपीठ से प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक अर्जुन कुजूर आचार्या शिखा पटेल एवं आचार्या गार्गी पटेल के द्वारा विभिन्न प्रकार के आसनों के माध्यम से सिखाया गया। इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीमर स्वयं एवं समाज के लिए योगर विषय पर विभिन्न प्रकार के योग, आसन, प्राणायाम, कपालभाति आदि के माध्यम से सिखाया गया मुख्य प्रशिक्षक अर्जुन कुजूर ने योग के माध्यम से होने वाले लाभ और बीमारियों से बचने के उपाय के बारे में बहुत ही सारगर्भित तरीके से परिचित कराया। स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से हम अपने आयु को बढ़ा सकते हैं, भारतीय योग दर्शन के माध्यम से आज समूचा विश्व शांति एवं करुणा के महत्व को अंगीकार कर रहा है। विश्व बंधुत्व की भावना भारतीय योग दर्शन में परिलक्षित होता है भारत के वैदिक ऋषियों और मनुष्यों ने योग के गूढ़ रहस्य को जन-जन तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। जिसके परिणाम स्वरूप आज विश्व में लोग योग को अंगीकार कर रहे हैं, पतंजलि का योग दर्शन व्यक्ति के आत्म साक्षात्कार को जागृत करता है और अपने अंतःकरण में स्थित



सर्वोच्च सत्ता को प्राप्त करता है। वही ज्ञान और उनका शोध आज विश्व के लोगों में एक दूसरे के साथ अपने वैचारिक मतभेद को बुलाकर शांति एवं एकता का पाठ पढ़ाया जाता है। भारतीय योग एवं ज्ञान की परंपरा अनादि काल से समुचित विश्व को प्रदान कर रहा है जिसके परिणाम स्वरूप मानव में नई चेतना का विकास होता है। असाध्य एवं जटिल बीमारियों का निदान भी योग के माध्यम से होता है निरंतर योग करते रहने से शारीरिक व्याधि समाप्त होकर के एक पूर्ण स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है। जिससे कि व्यक्ति के जीवन दर्शन आयु और इच्छा शक्ति को प्रबल बनता है योग की महिमा बहुत ही अधिक जान पड़ता है जब व्यक्ति अपने जीवन में योग को दिनचर्या में शामिल कर जीवन जीता है। आचार्या गार्गी पटेल ने सूक्ष्म व्यायाम के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रहने के उपाय बताएं, छोटी-छोटी क्रियाएं कर जीवन को सहज एवं सरल बना सकते हैं। आचार्य शिखा पटेल ने प्रोटोकॉल के माध्यम से योग प्राणायाम एवं आसनों को बहुत ही रोचक एवं प्रभावी तरीके से किया। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि भारत सरकार के पहल पर आज पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है, योग को प्रत्येक घर-घर तक पहुंचाने तथा प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं सुंदर रखने हेतु हमें कार्य करना चाहिए। योग जीवन भर चलने वाली क्रिया का नाम है जो लोगों को जोड़ने का काम करता है।

इस अवसर पर सतीश अग्रवाल, क्षेत्रोपाल बाघ, डॉ. संध्या भोई, राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा, प्राची गुप्ता, शब्या पटेल, हेमलता पटेल, खीरसागर पटेल सहित महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की बड़ी भूमिका रही।



## योग के साथ किया गया पौधरोपण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में विश्व योग दिवस पर नगर के मीना बाजार स्थल में समस्त नगरवासी जनप्रतिनिधिगण अधिकारी, कर्मचारी गण द्वारा योग कर विश्व योग दिवस मनाया गया और योग के महत्व को समझाया गया। करें योग, रहे निरोग अभियान के तहत सभी ने योग कर जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा योग दिवस के अवसर पर शुद्ध वायु, शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ पर्यावरण तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु हरियर तुमगांव अभियान की शुरुआत नगर में पौधरोपण कर किया गया और आने वाले समय पूरे बरसात में नगर में जनप्रतिनिधियों समस्त नगरवासियों जय मां शीतला आधार युवा शक्ति द्वारा वृहद रूप में हरियर तुमगांव अभियान के तहत पौधरोपण किया जाएगा इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर, समस्त पार्षद, सभापति, नगरवासी, युवा शक्ति के सदस्य गण उपस्थित रहे। यह जानकारी हरियर तुमगांव अभियान के प्रमुख पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव ने दी

